समाचार

स्वच्छता महाअभियान के तहत आज वार्ड क्र. 04 देवांगनपारा एवं 28 आर.पी.नगर में चलाई गई मेगा स्वच्छता ड्राईव

(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने महाअभियान में पहुंचकर स्वच्छता कार्यो का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश)

कोरबा 29 जनवरी 2025 — स्वच्छता महाअभियान के चौथे दिवस आज नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 04 देवांगनपारा एवं वार्ड क्र. 28 डॉ.राजेन्द्रप्रसाद नगर में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई तथा वृहद स्तर पर साफ—सफाई के कार्य संपादित कराए गए। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने महाअभियान में पहुंचकर किए जा रहे साफ—सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, उन्होने बस्तीवासियों से सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, नालियों में कचरा न डालने का आग्रह किया तथा निगम की साफ—सफाई कार्यो में सहयोग की अपील की।

निगम प्रशासक व कलेक्टर श्री अजीत वसंत के कुशल मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत 25 जनवरी से निर्धारित कार्यक्रमानुसार वार्ड एवं बस्तियों में स्वच्छता का महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के चौथे दिवस आज निगम के वार्ड क्र. 04 देवांगनपारा के विभिन्न मोहल्लों, पारों व गलियों में वृहद स्तर पर साफ—सफाईं के कार्य कराए गए। इसी प्रकार वार्ड क्र. 28 डॉ.राजेन्द्रप्रसाद नगर फेस—1 एवं फेस—2 के साथ विभिन्न आवासीय क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यो का संपादन व्यापक पैमाने पर किया गया। इस दौरान नालियों की सतह से सफाई, सड़क किनारे की बर्म, झाड़ी, धूल मिट्टी के टीले तथा अन्य अपशिष्ट को हटाकर स्थलों को साफ—सुथरा किया गया, एक अभियान के रूप में चलाए गए सफाई कार्यो के दौरान उत्सर्जित कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन कर कचरे का समुचित समापन कराया गया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहॉ के रहवासियों से अपील की कि वे घरों से निकले अपशिष्ट को सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थानों पर न डालें, सूखे व गीले कचरे के लिए पृथक—पृथक डस्टबिन घर पर रखें, कचरे को डस्टबिन में ही डालें तथा डोर—टू—डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु पहुंचने वाली निगम की स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही कचरे को दें। स्वच्छता अभियान के दौरान आज अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, एन.के.नाथ, अखिलेश शुक्ला, विनोद कुमार शांडिल्य, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, सचिन्द्र थवाईत, पीयूष राजपूत, अश्वनी दास, विनोद गोंड़, धनमोहान, पकंज गभेल, रामप्रसाद मिर्री आदि के साथ निगम के स्वच्छता मित्र, स्वच्छता दीदियॉ आदि ने साफ—सफाई कार्यो में अपनी सहभागिता दी।

30 जवनवरी को वार्ड क्र. 03 व 43 में अभियान — स्वच्छता महाअभियान के पांचवे दिवस 30 जनवरी को नगर पालिक निगम कोरबा के परिवहन नगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 03 राताखार एवं दर्री जोनांतर्गत वार्ड क्र. 43 हसदेव क्रमांक 01 में स्वच्छता अभियान संचालित किया जाएगा। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने वार्ड के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे निगम के इस अभियान में अपनी सहभागिता दें तथा साफ—सफाई कार्यो व शहर को साफ—सुथरा रखने में सहयोग प्रदान करें।